# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक

## उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

**(हिन्दी कक्ष)**

**विषय : कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की दिनांक 28 मार्च, 2019 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2019 की प्रथम तिमाही बैठक दिनांक 28 मार्च, 2019 को पूर्वाहन 12:00 बजे श्री आर.के.नायक, भा.र.ले.से. रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:

| | | |
|---|---|---|
| 01. | श्री संजीव मित्तल, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक | सदस्य |
| 02. | श्रीमती विनाक्षी गुप्ता, भा.र.ले.से.,<br>रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (लेखा एवं बजट) | सदस्य |
| 03. | श्री प्रवीण कुमार राय, भा.र.ले.से.,<br>रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.) | सदस्य |
| 04. | श्री मुश्ताक अहमद, भा.र.ले.से.,<br>रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.) | सदस्य |
| 05. | श्रीमती जूही वर्मा, भा.र.ले.से.,<br>रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (प्रशा.-1) | सदस्य |
| 06. | श्री आशीष यादव, भा.र.ले.से.,<br>रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (लेप.1/आई टी एवं एस) | सदस्य |
| 07. | श्री ओम दत्त शर्मा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखा-पेंशन) | सदस्य |
| 08. | श्री एम.के.गुप्ता, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.- 4/10) | सदस्य |
| 09. | श्री राम निवास सैनी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.-3/प्रशा.-शिकायत) | सदस्य |
| 10. | श्री विनोद कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.8/11) | सदस्य |
| 11. | श्री याद राम, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखा/बजट) | सदस्य |
| 12. | श्री महेश कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.-4) | सदस्य |
| 13. | श्री मुकेश शर्मा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.-5/9/10) | सदस्य |
| 14. | श्री सुभाष चंद्र गुप्ता, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लीगल कक्ष/प्रशा-6) | सदस्य |
| 15. | श्री सुमन कुमार वर्मा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.-1/2) | सदस्य |
| 16. | सुश्री किरन राजू, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.1) | सदस्य |
| 17. | श्री सतीश कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.-5) | सदस्य |
| 18. | श्री बी.चंद्रा, लेखा अधिकारी (प्रशा.-7/12) | सदस्य |
| 19. | श्री मुकेश शर्मा, लेखा अधिकारी (लेप.-पेंशन) | सदस्य |
| 20. | श्री वी.वी.एस. ब्रह्माजी राव, लेखा अधिकारी (प्रशा.-13) | सदस्य |
| 21. | श्रीनिवास शर्मा, सहायक निदेशक (रा.भा.) | सदस्य सचिव |

अन्य उपस्थिति -

01. श्रीमती काकोली दत्ता, वरिष्ठ अनुवादक
02. श्रीमती वॉइलेट खैलख़ो, वरिष्ठ अनुवादक

03. श्री पंकज दलाल, कनिष्ठ अनुवादक
04. श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवादक
05. श्री संदीप बोस, कनिष्ठ अनुवादक

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के उपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1 : दिनांक 31 दिसम्बर, 2018 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 31 दिसम्बर, 2018 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त और सूचना बिन्दु अपेक्षित कार्रवाई के लिए कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की वैबसाइट पर अपलोड कर दिये गये थे। किसी भी सदस्य से कार्यवृत्त के संबंध में कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 : पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई:**

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णयानुसार पिछली तिमाही की तुलना में मुख्यालय कार्यालय के हिंदी पत्राचार में 2.5% की वृद्धि दर्ज की गई है। अध्यक्ष महोदय ने इसकी प्रशंसा की और सलाह दी कि इस प्रतिशत में गिरावट न आने पाए।

अध्यक्ष महोदय ने समिति को निर्देश दिया कि हिन्दी पत्राचार में वृद्धि को और गति प्रदान करने के लिए नेमी प्रकृति के कार्यों, अग्रेषण पत्रों, शून्य रिपोर्टें आदि को हिंदी में भेजना सुनिश्चित करें, सामान्यतः प्रयोग में लाए जाने वाले प्रोफॉर्मे द्विभाषी करें और हिंदी पत्राचार में बोलचाल की भाषा का अधिकाधिक प्रयोग किया जाए।

**(कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय))**

**मद सं. 3: मुख्यालय कार्यालय की सितम्बर, 2018 तथा दिसम्बर, 2018 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा :**

सदस्य सचिव ने सितम्बर, 2018 तथा दिसम्बर, 2018 तिमाहियों की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों के आंकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए। राजभाषा के कार्यनिष्पादन में प्रशासन-3 एवं लेखापरीक्षा-7 के आंकड़ों में पिछली तिमाही की तुलना में काफी बढ़ोत्तरी हुई है जिसकी अध्यक्ष महोदय ने सराहना की। अन्य अनुभागों में भी पिछली तिमाही की तुलना में लगभग एक प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जिसकी प्रशंसा की गई और निर्देश दिए कि आगामी तिमाही में हिन्दी कार्य में और वृद्धि सुनिश्चित की जाए।

**(कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय))**

**मद सं. 4: हिन्दी प्रशिक्षण की स्थिति :**

समिति को सूचित किया गया कि मुख्यालय कार्यालय में 30 आशुलिपिक तथा 36 लिपिक हैं जिनमें से 19 आशुलिपिकों तथा 14 हिंदी लिपिकों को क्रमशः हिंदी आशुलिपि एवं हिंदी

टंकण का ज्ञान प्राप्त है। शेष आशुलिपिकों को हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण हेतु अगले सत्र में नामित किया जाएगा। हिंदी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम के अंतर्गत 09 लिपिकों का हिंदी टंकण का परीक्षाफल प्रतीक्षित है। इस सत्र में 04 लिपिक हिंदी टंकण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं मुख्यालय के हिंदी कक्ष में लिपिकों को हिंदी टंकण प्रशिक्षण दिया जाता है।

अध्यक्ष महोदय ने हिंदी टंकण प्रशिक्षण की स्थिति पर संतोष प्रकट किया और निर्देश दिया कि शेष नए लिपिकों/आशुलिपिकों को भी भावी सत्रों में नामित कर सभी लिपिकों को शीघ्र प्रशिक्षित किया जाए।

**(कार्रवाई : हिन्दी कक्ष)**

**मद सं. 5: <u>हिन्दी कार्यशाला का आयोजन</u> :**

रक्षा लेखा विभाग के दिल्ली स्थित कार्यालयों में कार्यरत लेखापरीक्षकों/लिपिकों को "संघ की राजभाषा नीति और नियम, सरकारी भाषा हिंदी के कार्यान्वयन के संबंध में रिपोर्ट एवं विवरणी, टिप्पण और आलेखन, युनिकोड सॉफ्टवेयर- उपयोग करने की विधि (आभ्यासिक प्रयोग के साथ)" के संबंध में गुरुग्राम स्थित अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित कार्यशाला में व्याख्यान दिया गया। महानियंत्रक महोदय ने निर्देश दिये कि आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी राजभाषा से संबंधित व्याख्यानों को सम्मिलित किया जाए।

**(कार्रवाई : ओ.टी.आई गुड़गांव)**

**मद सं. 6: <u>रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पदों की स्थिति</u> :**

सदस्य सचिव द्वारा विभाग में वर्तमान में हिन्दी संवर्गीय पदों की निम्नलिखित स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई:

| | **स्वीकृत पद** | **भरे गए पद** | **रिक्त पद** |
|---|---|---|---|
| **सहायक निदेशक(राजभाषा)** | 37 | 12 | 25 |
| **वरिष्ठ अनुवादक** | 35 | 35 | - |
| **कनिष्ठ अनुवादक** | 70 | 48 | 22 |

(1) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि सहायक निदेशक (रा.भा.) के 25 पद रिक्त हैं। इसी क्रम में प्रशासन अनुभाग ने समिति को सूचित किया कि सहायक निदेशक (रा.भा.) के भर्ती नियमों में बदलाव के साथ-साथ रिक्त पदों को भरने संबंधी कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

**(कार्रवाई: प्रशासन-8 अनुभाग)**

(2) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि वरिष्ठ अनुवादक के सभी पद भरे हुए हैं।

(3) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि कनिष्ठ अनुवादकों के 22 पद रिक्त हैं।

रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक ने प्रशासन अनुभाग को निर्देश दिए कि हिंदी संवर्ग के रिक्त पदों को भरने के लिए नियमों में बदलाव पर यथाशीघ्र कार्रवाई की जाए। इस पर अध्यक्ष महोदय ने अपनी सहमति जताई।

**(कार्रवाई: प्रशासन-2/8/11 अनुभाग)**

**मद संख्या: 7 रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण :**

वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित 25% लक्ष्य की प्राप्ति हेतु मुख्यालय कार्यालय एवं विभाग के विभिन्न कार्यालयों द्वारा राजभाषा संबंधी निरीक्षण किए गए हैं।

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि अधीनस्थ प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों का अनुवीक्षण किया जा रहा है कि वे अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें।

इसी क्रम में जनवरी-फरवरी 2019 के दौरान मुख्यालय के कुल 36 अनुभागों में से एक चौथाई अर्थात 09 स्थानीय अनुभागों का निरीक्षण किया गया।

**(कार्रवाई: हिंदी कक्ष (स्थानीय) तथा सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि. कार्यालय)**

**मद संख्या: 8 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :**

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा इस वर्ष निम्नलिखित कार्यालयों का निरीक्षण उनके समक्ष दर्शाई गई तारीखों को किया गया :

| क्र. सं | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 01. | क्षेत्रीय लेखा कार्यालय, सिलीगुड़ी | 22.05.2018 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुखों द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |
| 02. | लेखा अधिकारी, दुर्ग अभियंता, गंगटोक | 24.05.2018 | |
| 03. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (वायुसेना), देहरादून | 08.06.2018 | |
| 04. | रक्षा लेखा नियंत्रक (पें.सं.) मेरठ | 17.01.2019 | |
| 05. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (म.क.) लखनऊ | 08.09.2018 | संबंधित कार्यालय से प्राप्त अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा के उपरांत सचिवालय को भेजने हेतु मंत्रालय को भेज दी गई है। |
| 06. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन),इलाहाबाद | 11.09.2018 | |
| 07. | वेतन लेखा कार्यालय(अ.श्रे.) जे.आर.सी., बरेली | 07.05.2018 | |

**मद संख्या: 9** **<u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय</u>**

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि मंत्रालय द्वारा आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक में मुख्यालय के प्रतिनिधि के रूप में उन्होंने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष अप्रैल में संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली सभी अधीनस्थ कार्यालयों से भरवाई जाए ताकि संसदीय समिति द्वारा निरीक्षण किए जाने पर किसी तरह की असुविधा न हो।

अंत में अध्यक्ष महोदय ने समिति के सभी सदस्यों को आह्वान किया कि मुख्यालय के सभी कार्मिकों को हिंदी में कार्य करने का प्रयत्न करना चाहिए जिसमें बोलचाल की भाषा का अधिक प्रयोग हो।

**(कार्रवाई: मुख्यालय के सभी अनुभाग)**

अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

**(श्रीनिवास शर्मा)**
**सहायक निदेशक (रा.भा.) सह सदस्य सचिव**